हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

(नवम् सत्र)

लिखित उत्तर हेतु प्रश्न

शुक्रवार, 11 सितम्बर, 2020/20 भाद्रपद, 1942 (शक्)

[मुख्य मन्त्री - जल शक्ति मन्त्री - शहरी विकास मन्त्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री - तकनीकी शिक्षा मन्त्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री - उद्योग मन्त्री - शिक्षा मन्त्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मंत्री - वन मन्त्री तथा खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मन्त्री].

कुल प्रश्न - 21

ठेकेदारों को धनराशि

1122 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा(रोहडू) :**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सरकार द्वारा वर्तमान में लोक निर्माण विभाग के मण्डल व उप-मण्डल स्तर पर कितनी धनराशि के टैण्डर आमन्त्रित/आवंटन करने की शक्तियां प्रदान की गई हैं;

(ख) गत 3 वर्षों में दिनांक 31.07.2020 तक रोहडू लोक निर्माण विभाग के 14वें वृत्त के अन्तर्गत कितनी निविदाएं आमन्त्रित की गई तथा किन-किन ठेकेदारों को 10 सी0सी0 क्लेम की धनराशि अदा की गई; ब्यौरा ठेकेदार के नाम, पते, योजना/कार्य के नाम, आवंटन की तिथि, अनुमानित लागत व क्लेम की राशि सहित मण्डलवार दें; और

(ग) इस अवधि में उन ठेकेदारों के नाम भी दिए जाएं जिनको निर्धारित समयावधि के भीतर कार्य पूरा न होने के कारण विभाग द्वारा पेनल्टी लगाई गई; ब्यौरा ठेकेदारों के नाम, पते, कार्य के नाम व पेनल्टी की धनराशि सहित मण्डलवार दें?

प्राकृतिक आपदाओं के मामले

1123 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत वर्ष दिनांक 31-07-2020 तक रोहड़ू व डोडरा-क्वार उप-मण्डल में प्राकृतिक आपदाओं से मृत्यु, दुर्घटना एवं आगजनी इत्यादि के कितने मामले लम्बित हैं; और

(ख) इन मामलों के अन्तर्गत कितनी धनराशि जारी करने के लिए शेष है; ब्यौरा दें ?

अनुसूचित जाति घटक योजना

1124 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि गत 3 वर्षों में दिनांक 31.07.2020 तक रोहड़ू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में अनुसूचित जाति घटक योजना के अन्तर्गत कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया तथा इसमें से कितनी धनराशि किस-किस योजना हेतु व्यय की गई; ब्यौरा योजनावार दें?

Irrigation Tanks

1125 **Sh. Harshwardhan Chauhan (Shillai):**

Will the **Rural Development & Panchayati Raj Minister** be pleased to state :-

(a) during the last 6 months upto 31.07.2020, how many irrigation tanks have been sanctioned in Shillai and Paonta Blocks by the Soil Conservation Wing of Agriculture Department; Panchayat-wise details of each beneficiary alongwith address and amount spent be given; and

(b) what is the criteria for sanctioning of such irrigation tanks; details be given?

Tenders/Work Orders

1126 **Sh. Harshwardhan Chauhan(Shillai) :**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) during the last year upto 31.07.2020, how many tenders/work orders have been issued by Public Works Division Shillai; name and address of the contractors alongwith amount be given;

(b) how many tenders were invited online/offline;

(c) in how many cases the estimate was split up into small tenders and from which competent authority the approval was taken for such split up; details be given; and

(d) during the last 3 years, how much funds have been spent in Shillai Public Works Division for the construction of buildings, protection / retaining / breast walls; Sub-Division and year-wise details be given?

Tenders/Work Orders

1127 Sh. Harshwardhan Chauhan (Shillai):

Will the **Jal Shakti Minister** be pleased to state :-

(a) during the last year upto 31.07.2020, how many tenders and work orders have been issued by the Jal Shakti Division and Sub- Division at Shillai; name of the contractor alongwith address and amount be given; and

(b) how many of these tenders were invited online/offline and in how many cases the estimate was split up into small tenders/work orders and with whose authority; details be given?

Lift Water Supply Schemes

1128 Sh. Rakesh Singha(Theog) :

Will the **Jal Shakti Minister** be pleased to state :-

(a) is it a fact that many Lift Water Supply Scheme Projects of the Matiana and Kasumpti Divisions have taken more than 10 years for their completion; if yes, details of each project be given;

(b) what are the reasons for delay and what action has been taken by the Government against the erring officers;

(c) how many LWSS and Gravity water schemes under Matiana and Kasumpti Divisions of Jal Shakti Vibhag are without desilting Chambers and intake tanks;

(d) what steps is the Department taking to ensure safe and clean drinking

water to the people and by when does the Department propose to complete these works;

(e) how many Pump Houses are not connected with roads; what steps are being taken to overcome these shortcomings; details be given; and

(f) list of all LWSS where the distance of the Pump House and transformer is more than 30 meters under Matiana and Kasumpti Jal Shakti Divisions be given?

Pay Commission Report

1129 **Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state whether the Government intends to implement the next Pay Commission; if yes, by when; if not, reasons thereof?

Decision of NGT

1130 **Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Jal Shakti Minister** be pleased to state :-

(a) what is the decision taken by the NGT for regulating the visit of every Officer to the Water Schemes; and

(b) how many Schemes have been visited by different officers in Jal Shakti Division Matiana and Kasumpti after the pronouncement of the decision; details of the visit and the observations made in respect of each scheme be given?

Waknaghat Sabji Mandi

1131 **Dr.(Col.) Dhani Ram Shandil (Solan):**

Will the **Rural Development & Panchayati Raj Minister** be pleased to state whether the Government consider expansion and addition of cold storage house and completing other necesssry requirements at Sabji Mandi Waknaghat ; if yes, by when; details be given?

उठाऊ सिंचाई योजना कांशी पट्टा

1132 **डॉ0 (कर्नल) धनी राम शांडिल (सोलन)ः**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि उठाऊ सिंचाई योजना कांशी पट्टा सतड़ोल की अद्यतन स्थिति क्या है तथा यह योजना कब तक कार्यान्वित कर दी जाएगी?

किसान पास बुक

1133 **डॉ0 (कर्नल) धनी राम शांडिल (सोलन)ः**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार किसान पास बुक सेवा को पुनः चालू करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

पदपूर्ति

1134 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात)ः**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि जिला चम्बा में राजस्व विभाग के अन्तर्गत विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत हैं; कितने रिक्त हैं; ब्यौरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार, तहसीलवार, उप-तहसीलवार और वृत्तवार दें; रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा?

पदपूर्ति

1135 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात)ः**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत विकास खण्ड एवं उप-मण्डलाधिकारी के दफ्तर में कितने पद रिक्त हैं; सरकार इन रिक्त पदों को कब तक भरने का विचार रखती है?

पुल निर्माण

1136 **कर्नल इन्द्र सिंह (सरकाघाट)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकाघाट विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत भाम्बला में जबोठी खड्ड पुल निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

बल्क ड्रग पार्क

1137 **श्री मुकेश अग्निहोत्री (हरोली)**ः

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि केन्द्र ने प्रदेश में बल्क ड्रग पार्क की स्थापना की स्वीकृति प्रदान की है; यदि हां, तो इसकी स्थापना कहां की जाएगी तथा कितनी भूमि की आवश्यकता होगी; और

(ख) क्या इसकी D.P.R. बना दी गई है; इसके निर्माण पर कितनी धनराशि व्यय की जाएगी तथा यह पार्क कितनी अवधि में बनकर तैयार होगा; ब्यौरा दें?

अवैध खनन

1138 **श्री मुकेश अग्निहोत्री (हरोली)**ः

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) अवैध खनन रोकने हेतु जिला ऊना की सीमा पर धर्मकांटे व बैरियर लगाने का सरकार विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण; और

(ख) ओवरलोडिंग के कारण हो रही राजस्व हानि को रोकने हेतु सरकार कोई अन्य वैकल्पिक पग उठाने का विचार रखती है?

परीक्षा केन्द्र

1139 **श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर)**ः

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि हिमाचल प्रदेश लोक सेवा चयन आयोग द्वारा प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों व उप-मण्डलों पर परीक्षा केन्द्र खोलने की अधिसूचना जारी की गई है; यदि हां, तो जनजातीय क्षेत्रों जिला किन्नौर, लाहौल-स्पिति, पांगी व भरमौर को इस सुविधा से वंचित रखने के क्या कारण हैं तथा कब तक इन क्षेत्रों में सरकार परीक्षा केन्द्र खोलने का विचार रखती है?

पदपूर्ति

1140 **श्री बलबीर सिंह (चिन्तपुरनी)**ः

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि चिन्तपुरनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत महाविद्यालयों चौकीमनियार, अम्ब व चिन्तपूर्णी में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद

स्वीकृत व रिक्त हैं; ब्यौरा पदवार दें; रिक्त पदों को भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

स्वीकृत धनराशि

1141 **श्री हीरा लाल (करसोग)ः**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत वर्ष दिनांक 31.07.2020 तक वन मण्डल करसोग में विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत कितनी धनराशि स्वीकृत की गई; कितनी व्यय की गई व कितनी शेष है; ब्यौरा कार्य के नाम व लागत सहित दें?

उपदान

1142 **श्री हीरा लाल (करसोग)ः**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि करसोग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने किसानों को किन-किन यन्त्रों पर उपदान दिया गया; ब्यौरा नाम व धनराशि सहित दें?

शिमलाः 171004. **यशपाल शर्मा,**

दिनांकः 26 अगस्त, 2020. **सचिव।**